# 'यूपी के आर्थिक माहौल में रोज हो रहा सुधार'

जासं • लखनऊ : पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआइ) की ओर से तैयार की गई उत्तर प्रदेश पर शोध रिपोर्ट 'एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश' में यह संकेत दिया गया है कि राज्य एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पीएचडीसीसीआइ के महासचिव और सीईओ डा. रंजीत मेहता ने यूपी इन्वेस्ट के सीईओ अभिषेक प्रकाश से मुलाकात के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक और व्यापारिक माहौल में प्रत्येक दिन सुधार हो रहा है, जिससे इसकी आर्थिक वृद्धि को मजबूती मिल रही है।



पीएचडीसीसीआइ द्वारा तैयार किए गए शोध रिपोर्ट की प्रति पीएचडीसीसीआइ के महासचिव व सीईओ डा . रंजीत मेहता ने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश को भेंट करते • सौ. स्वयं

उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था 2017-18 से 2019-20 (मौजूदा मूल्य) के बीच औसतन 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी। कोविड 19 महामारी से प्रभावित होने के बावजूद उत्तर प्रदेश ने 2021-22 से 2023-24 तक औसतन 15.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि, उद्योग, पर्यटन, रियल एस्टेट से बेहतर हो रही है। राज्य सरकार ने कृषि सुधारों की शुरुआत की है, जिनमें सिंचाई में सुधार, उन्नत फसलों की किस्में और किसानों को प्रशिक्षण शामिल हैं। इससे उत्पादकता बढ़ी है और किसानों की आय में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स, वस्त्र, हस्तशिल्प और हथकरघा, आटोमोबाइल, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन प्रमुख रूप में उभरा है। यूपी ने व्यापार करने की सुगमता (ईओडीबी) रैंकिंग में सुधार भी किया है।